# भूटान में लॉन्च हुआ भीम-UPI

drishtiias.com/hindi/printpdf/भ

### प्रिलिम्स के लिये:

रुपे कार्ड योजना, रुपे कार्ड, त्वरित प्रतिक्रिया कोड

### मेन्स के लिये:

भुगतान तथा निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने समकक्ष भूटान के वित्त मंत्री के साथ मिलकर भीम-UPI अर्थात् **भारत इंटरफेस फॉर मनी-यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस** (Bharat Interface for Money-Unified Payments Interface-BHIM-UPI) को भूटान में लॉन्च किया है

> भुगतान प्रणाली एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (NIPL), भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) की अंतर्राष्ट्रीय शाखा, भूटान की रॉयल मॉनीटरी अथॉरिटी (RMA) के साथ साझेदारी में शुरू की गई थी।

## प्रमुख बिंदु:

- भूटान अपने त्वरित प्रतिक्रिया ( Quick Response- QR) कोड हेतु UPI मानकों को अपनाने वाला पहला देश है। यह भीम एप के माध्यम से भारत के निकटतम पड़ोसी देशों में मोबाइल आधारित भुगतान स्वीकार करने वाला प्रथम देश भी है।
- व्यापारिक स्थलों (Merchant Locations) पर BHIM-UP स्वीकृति प्राप्त करने वाला सिंगापुर के बाद यह दूसरा देश भी है।
- भूटान एकमात्र ऐसा देश बन जाएगा जो रुपे कार्ड (RuPay Cards) जारी करने और स्वीकार करने के साथ-साथ भीम-यूपीआई को भी स्वीकार करेगा।

- **भारत इंटरफेस फॉर मनी-यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (BHIM-UPI):**
    - भारत इंटरफेस फॉर मनी (BHIM) को **भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा** विकसित किया गया है।
    - यह मोबाइल फोन के माध्यम से तेज़ गति से सुरक्षित, विश्वसनीय कैशलेस भुगतान को सक्षम करने की एक पहल है।
    - भीम **यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI)** सीधे बैंक के माध्यम से ई-भुगतान सुविधा पर आधारित है।
    - यह अन्य यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) ऐप्लिकेशन और बैंक खातों के साथ अंतर-संचालित है।

        **यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस** (UPI) एक त्वरित रियल-टाइम भुगतान प्रणाली है, जो उपयोगकर्त्ताओं को अपने बैंक खाते का विवरण दूसरे पक्ष को बताए बिना कई बैंक खातों में रियल-टाइम के आधार पर धन हस्तांतरित करने की अनुमति देता है।
- **लाभ:**
    - सरल, सुरक्षित, लागत प्रभावी मोबाइल-आधारित भुगतान प्रणाली डिजिटल भुगतान के सबसे प्रमुख रूपों में से एक बन गई है।
    - दोनों देशों (भारत एवं भूटान) के भुगतान के बुनियादी ढाँचे मूल रूप से जुड़े हुए हैं और इससे **बड़ी संख्या में भारत के उन पर्यटकों एवं व्यापारियों को लाभ होगा, जो प्रत्येक वर्ष भूटान की यात्रा करते हैं।**

        यह एक बटन के स्पर्श मात्र से कैशलेस लेन-देन के माध्यम से दैनिक जीवन में आसानी के साथ ही यात्रा में सुगमता को भी बढ़ाएगा।
    - वर्ष 2020 में UPI ने 457 बिलियन अमेरिकी डॉलर के वाणिज्य को सक्षम किया, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 15% के बराबर है।

## रुपे कार्ड योजना

- रुपे (RuPay) भारत में अपनी तरह का पहला घरेलू डेबिट और क्रेडिट कार्ड भुगतान नेटवर्क है।
- यह नाम रुपी (Rupee) और पेमेंट (Payment) दो शब्दों से मिलकर बना है जो इस बात पर ज़ोर देता है कि यह डेबिट तथा क्रेडिट कार्ड भुगतानों के लिये भारत की स्वयं की पहल है।
- इस कार्ड का उपयोग सिंगापुर, भूटान, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), बहरीन और सऊदी अरब में लेन-देन के लिये भी किया जा सकता है।

## भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम

- यह निगम देश में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणाली के संचालन के लिये एक समग्र संगठन है, जो भुगतान तथा निपटान प्रणाली अधिनियम (The Payment and Settlement Systems Act), 2007 के प्रावधानों के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और भारतीय बैंक संघ (IBA) की एक पहल है।
- यह कंपनी अधिनियम, 1956 (अब कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8) की धारा 25 के प्रावधानों के अंतर्गत 'गैर-लाभकारी संगठन' है, जिसका उद्देश्य भारत में संपूर्ण बैंकिंग प्रणाली को भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के लिये बुनियादी ढाँचा तथा निपटान प्रणाली प्रदान करना है।

## स्रोत: द हिंदू